गुरुवार

18 जनवरी 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज





10 लाख नौकरी व रोजगार देने का वादा तेजस्वी यादव ने किया पूरा 2




### राममय हुई अयोध्या, घर के दरवाजों से लेकर दुकानों के शटर तक सिर्फ राम ही राम

# हर दुकान-हर मकान, गूंज रहा जय श्रीराम

- गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप सज रही रामनगरी
- विंटेज आर्टिस्टिकली क्राफ्टेड स्ट्रीट लाइट लैंप पोल पर भी राम की पताका
- चार दिन और शेष, जब श्रीरामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे
- रामघाट से अयोध्या में प्रवेश करते समय दिख रही रौनक दीवाली सी अनुभूति भी करा रही है

**केटी न्यूज/अयोध्या**

अध्यात्म से परिपूर्ण रामनगरी में पौष मास, शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि से श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुभारंभ हो गया। इस अयोध्या की हर दुकान, हर मकान, हर सड़क, हर रास्ते पर सिर्फ जय श्रीराम की आध्यात्मिक अनुभूति महसूस की जा रही है तो विरासत और आधुनिकता का समावेश बैठाती नव्य अयोध्या भी दिख रही है। एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में राममय हुई आधुनिक अयोध्या त्रेतायुगीन वैभव सी सजने लगी है तो वहीं रामपथ की दुकानों पर फहरा रही राम पताका बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। महज चार दिन और शेष, जब श्रीरामलला अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो यकीनन दृश्य बेहद भव्य होगा। यह सोच कर ही रामभक्तों का रोम-रोम पुलकित हो उठ रहा है। यहां तक की विंटेज आर्टिस्टिकली क्राफ्टेड स्ट्रीट लाइट लैंप पोल पर भी राम की पताका फहरा रही है।

जैसे दीपावली के पहले रंगते-पुतते घरों की साज-सज्जा समेटी जाती है, अयोध्या के लिए भी समय कम और काम बहुत अधिक है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में चार दिन शेष हैं। सरयू के तटों पर मकर संक्रांति की रौनक ने जैसे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का मंगलाचरण कर दिया है। यहां घाटों पर श्रीराम की स्तुतियां, भजन और मंदिर निर्माण के लिए हुए अथक संघर्ष के विजय गीत गूंज रहे हैं। रामघाट से अयोध्या में प्रवेश करते समय दिख रही रौनक दीवाली सी अनुभूति भी करा रही है। 'अयोध्या अब सजने लगी है', 'अयोध्या के राजा भारत है आपका-महलों में आओ, स्वागत है आपका' आदि गीत श्रद्धालुओं के रोम-रोम को पुलकित कर रहे थे।

विरासत और आधुनिकता का समावेश बैठाती नव्य अयोध्या में विंटेज आर्टिस्टिकली क्राफ्टेड स्ट्रीट लाइट लैंप पोल लगाया जा रहा है। यह देखने में आकर्षक तो है ही, इस पर भी श्रीराम का धनुष बाण अलग ही सौंदर्य बयां कर रहा। सज रही आधुनिक अयोध्या में इस लैम्प तक पर धनुष बाण और राम पताका फहर रही है, जो खुद ही बरबस ध्यानाकृष्ट कर रही है।



### दुकानों के शटर पर भी बस राम का नाम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब रामनगरी को सजाने की पहल शुरू की तो ही उनके जेहन में था कि रामनगरी अब त्रेतायुगीन वैभव का अहसास कराए। ऐसे में, छोटी से छोटी चीजों का ध्यान रखा गया। रोड चौड़ीकरण के उपरांत जब नए सिरे से दुकानें सजाई गईं तो उसके शटर पर भी राम-जयश्रीराम और ध्वजा की आकृति बनाई गई। उस वक्त तो यह सिर्फ पेंटिंग ही रही पर जब योगी आदित्यनाथ की इस परिकल्पना को बाहर से आए लोगों ने देखा तो इस पहल के कायल हो गए और उनके मुख से यही निकला कि योगी आदित्यनाथ ने आधुनिक अयोध्या की दीवारों तक को राम नाम में रंग दिया है।

### दीवारों के पत्थ और घरों के दरवाजों पर भी जयश्रीराम

यहां जीर्णोद्धार किए जा रहे मकान-दुकान और मंदिरों पर लगाए जाने वाले पत्थरों पर भी जय श्रीराम की गूंज है। हनुमानगढ़ी से पहले सब्जी मंडी के समीप सप्तसागर कॉलोनी के पास के मकान हों या तुलसी उद्यान के पीछे की कॉलोनी, यहां पर भी लगाए गए दरवाजे रामनाम से अतिथि देवो भव के रूप में स्वागत कर रहे हैं। किसी मकान के दरवाजे पर श्रीराम तो किसी पर गजानन महराज की फोटो लगी है। रामनगरी में ठहरने वालों के लिए बनाए गए होम स्टे-गेस्ट हाउस आदि पर इसी आकृति से आगन्तुकों का स्वागत हो रहा है।

### दीवारों का एक सा रंग और केसरिया पताका

मकर संक्रांति पर स्नान करने आईं बस्ती की मनोरमा हों या गोरखपुर की गीता। देवरिया से आए रामप्रसाद भी सरयू स्नान के पश्चात मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। काफी वर्षों बाद यहां आए रामप्रसाद रामपथ पर दीवारों का एक सा रंग देख अनुभूति कर रहे हैं कि त्रेतायुगीन अयोध्या ऐसी ही रही होगी। इन रास्तों पर सजी दुकानों पर फहरा रही केसरिया पताका देख श्रद्धालु भी जयश्रीराम का उद्घोष कर रहे थे। वे इसका श्रेय योगी आदित्यनाथ को देते हुए कहते हैं कि म्यूरल पेंटिंग्स, फसाड लाइट आदि से रामनगरी और भव्य हो गई है।



### रामनगरी में महिलाओं ने निकाली 'जल कलश यात्रा'

अयोध्या। प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले बुधवार को महिलाओं ने 'जल कलश यात्रा' निकाली। इसमें लगभग 500 से अधिक महिलाएं शामिल रहीं। बुधवार को प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान का दूसरा दिन रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर समूचा समाज इस आयोजन से जुड़ गया है। श्रीराम नगरी में अयोध्या महानगर की महिलाओं ने सुबह सरयू तट से यात्रा का शुभारंभ किया। श्रीराम की पताका फहराते सिर पर कलश में भरा मां सरयू का जल लेकर महिलाएं राम धुन पर झूमते व राम की जयकार करते निकलीं। यात्रा महापौर गिरीश पति त्रिपाठी के संयोजकत्व में निकाली गई। इसका नेतृत्व महापौर की धर्मपत्नी रामलक्ष्मी त्रिपाठी ने किया। यात्रा में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की धर्मपत्नी नम्रता पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह समेत 500 से अधिक महिलाएं शामिल रहीं।

### प्रभु श्रीराम का दिव्यांग भक्त ट्राई स्कूटी से ही चल पड़ा अयोध्या

**भागलपुर।** प्रभु श्री राम का दीवाना हर कोई है। लाखों करोड़ों लोगों को इस पल का इंतजार था कि कब प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में विराजेंगे। 22 जनवरी का वह ऐतिहासिक दिन पल-पल करीब आता जा रहा है। ऐसे में हर कोई प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्साहित है। प्रभु श्रीराम की एक झलक पाने को आतुर ऐसा ही एक अनन्य भक्त दिव्यांग नवगछिया से ट्राई स्कूटी से अयोध्या की यात्रा पर निकल पड़ा है। 620 किलोमीटर का यह सफर आसान नहीं है लेकिन प्रभु की कृपा को अपनी ढाल बना यह भक्त निकल पड़ा है अपने सफर पर।




नवगछिया के नगरह निवासी दिव्यांग कन्हैया लाल कहते हैं कि उनका भगवान राम से गहरा लगाव रहा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से रामलाल के पक्ष में जिस दिन फैसला आया, उसी दिन सोच लिया जब भी राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होगी उस दिन वहां जाऊंगा और 1100 दीपक जलाऊंगा। यह मैने मन्नत मांगी थी जिसको पूरा करने के लिए अयोध्या के लिए निकला हूं। कन्हैया लाल ने बताया कि हमारे आराध्य भगवान श्रीराम 5 सौ साल बाद फिर से अपने मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। यह हम सभी हिंदुओं के लिए सौभाग्य की बात है। 500 वर्षों बाद आजादी मिली है। सही मायने में हम अब आजाद हुए। रामलला विराजमान होंगे इसी खुशी में मैं अयोध्या जा रहा हूं।

## लालू ने किया साफ, कहा- नहीं जाएंगे प्राण प्रतिष्ठा समारोह में

- लोकसभा चुनाव के सीट बंटवारा पर कहा इतना जल्दी सबकुछ थोड़े न हो जाता है

**केटी न्यूज/पटना**



अयोध्या में शताब्दियों का इंतजार अब खत्म होने को है। भगवान अपने धाम में पधारने वाले हैं। रामलला को उनके नवनिर्मित आवास में प्रवेश कराने के लिए अनुष्ठान और पूजन प्रारंभ हो गया है। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर लालू यादव ने बड़ी जानकारी दी है। लालू यादव ने कहा कि- साफ-साफ समझ लिजिए नहीं जाएंगे। उसके बाद लालू यादव अपने ड्राईवर को गाड़ी आगे बढ़ाने का आदेश दे दिया। हालांकि, ऐसा नहीं है कि इस कार्यक्रम में सिर्फ लालू नहीं शामिल होंगे बल्कि विपक्षी गठबंधन में शामिल कई अन्य पार्टी ने भी इस समारोह में शामिल होने से इनकार कर दिया है। जबकि, कांग्रेस ने तो इसे भाजपा और आरएसएस का कार्यक्रम करार दिया है।

वहीं, लालू यादव से जब सीट बंटवारा को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि- इतना जल्दी सबकुछ थोड़े न हो जाता है। सब कुछ तय समय पर हो जाएगा, आप लोगो को इतनी जल्दी क्यों है? जबकि दूसरी तरफ जदयू के नेता और बिहार सरकार में शामिल कई मंत्री यह कह चुके हैं कि जितनी जल्दी हो सके उतनी जल्दी सीट का बंटवारा कर लेना चाहिए। इसमें जितना अधिक समय लग रहा है उतना आसान भाजपा के लिए हो रहा है। इसलिए इस मसले को जल्द से जल्द सुलझा लेना चाहिए। उधर, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा था कि- सीट बंटवारे में कोई समस्या नहीं। बिहार में महागठबंधन एकजुट है और पूरी ताकत के साथ है। इस बयान के बाद माना जाने लगा था कि सत्ताधारी महागठबंधन में सबकुछ ठीक है।

## इंडिया गठबंधन में ऑल इज नॉट वेलः उपेंद्र कुशवाहा

**केटी न्यूज/पटना**

इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर गठबंधन के नेताओं द्वारा अलग-अलग बयानबाजी की जा रही है। एक तरफ तेजस्वी यादव कहते हैं कि सीटों का बंटवारा हो चुका है, वहीं जेडीयू जल्द से जल्द सीटों का बंटवारा करने की बात कह रही हैं। इस बीच एनडीए में शामिल आरएलजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा है कि एक तरफ नीतीश कुमार कह रहे हैं कि सीटों के बंटवारे में विलंब हो रहा है तो लालू प्रसाद कह रहे हैं कि अभी समय लगेगा, इसका मतलब साफ है कि उनके गठबंधन में क्या स्थिति है वह स्पष्ट हो गया है। लालू ने कहा कि भीतर से सबकुछ तय हो गया है तो बातें बाहर क्यों आ रही हैं। नीतीश कुमार और उनकी पार्टी के लोग लगातार बोल रहे हैं कि विलंब हो रहा है और देरी ठीक नहीं है, इसका मतलब साफ है कि अंदर कुछ तो गड़बड़ी है जो बाहर दिख रहा है। मकर संक्रांति के भोज में लालू- नीतीश के बीच दिखी दूरी पर कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार को तो अब तिलक लगने वाली बात भूल जानी चाहिए। अब कितना दिन उन्हें तिलक लगता रहेगा।

## बेखौफ अपराधी ने सिविल कोर्ट के मुंशी को गोलियों से किया छलनी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। राज्य के अंदर आए दिन कहीं न कहीं ये बेखौफ अपराधी किसी न किसी घटना को अंजाम दे रहे हैं। इसी कड़ी में अब एक ताजा मामला वैशाली से निकल कर सामने आया है, जहां कोर्ट के मुंशी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार, हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच 22 के तेलिया सराय के पास अपराधियों ने एक युवक को गोली मारकर मौत के घाट उतार डाला है।

हालांकि, गोली की आवाज सुनने के बाद कुछ लोग इकट्ठा होकर घटना की सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन को दे दी है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद सराय थाने की पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना को लेकर बताया जाता है कि युवक मुजफ्फरपुर की तरफ से हाजीपुर की तरफ आ रहा था तभी सराय थाना क्षेत्र के तेलिया सराय के पास अपराधियों ने बाइक रुकवा कर युवक को गोली मार दी। मृतक युवक की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी राज मंगल राय के पुत्र रंजन कुमार के रूप में हुई है। रंजन हाजीपुर सिविल कोर्ट में मुंशी का काम करता था।

## सीएम नीतीश ने गुरु के दरबार में मत्था टेका

**केटी न्यूज/पटना**

सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 357 वें प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रकाशोत्सव के मौके पर पटना सिटी स्थित तख्त श्री हरमंदिर में विशेष आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तख्त श्रीहरमंदिर पहुंचे और गुरु के दरबार में मत्था टेका।



दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 357वें प्रकाशोत्व के मौके पर पटनासिटी में हर साल भव्य आयोजन होता है। बिहार सरकार की तरफ से भी इसको लेकर खास तैयारियां की जाती हैं। प्रकाशोत्सव को लेकर सिख श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरु के दरबार मे पहुंचे और शीष झुकाकर देश और प्रदेश में अमन-चैन और उन्नती की कामना की। इस मौके पर हरमंदिर साहिब प्रबंधक कमेटी की तरफ से मुख्यमंत्री को उपहार स्वरूप शिरोपा सौंपकर उनका स्वागत किया गया। वही बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भी पटना साहिब तख्त श्री हरिमंदिर पहुंच गुरु के चरणों मे मत्था टेका।

### भोजपुरी फिल्म के सुपर स्टार पवन सिंह की फिल्म 'जियो मेरी जान' का धांसू लुक आउट

# फटे कपड़े, हाथ में चप्पल लिये नजर आये पावर स्टार पवन सिंह

**केटी न्यूज/पटना**

अपने फन के माहिर भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह का हर अंदाज निराला है। जिस वजह से वे अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। इसी का एक झलक दिखा उनकी इस साल आने वाली पहली फिल्म ₹जियो मेरी जान₹ के फर्स्ट लुक आउट होने के दौरान जब उन्होंने कहा कि जिगर वालों को डर से कोई वास्ता नहीं होता, वो कदम वहीं रखते हैं जहां रास्ता नहीं होता। उन्होंने आगे कहा कि जब जब मैं बिखरता हूं, दुगनी रफ्तार से निखरता हूं। पवन सिंह के इस निराले अंदाज की दुनिया कायल है, लेकिन आप इसका कोई मतलब निकालें, उससे पहले ही हम आपको बता देते हैं कि यह पवन सिंह की फिल्म जियो मेरी जान का जानदार डायलॉग है, जिसमें पवन सिंह का स्वैग भी खूब झलकता है।




पवन सिंह की मच अवेटेड फिल्म जियो मेरी जान₹ के निर्माता उमा शंकर प्रसाद हैं और सह निमार्ता आयुष राज गुप्ता हैं, जबकि फिल्म के निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। उन्होंने बताया कि इस फिल्म के पोस्टर में पवन सिंह का नया अंदाज दुनिया के सामने है। लेकिन फिल्म में पवन सिंह का जलवा दर्शकों को खूब देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के डायलॉग एक से बढ़कर एक हैं, जो पवन सिंह के स्टारडम को खूब सूट भी करती है। इसके अलावा पवन सिंह की अदाकारी का जवाब नहीं, जब लोग यह फिल्म देखेंगे, तब उन्हें अंदाजा लग जायेगा कि पवन सिंह की फिल्म ब्लॉक बस्टर क्यों हो जाती है। फिल्म में गीत संगीत भी मजबूत पक्ष है। इस फिल्म में पवन सिंह रूपाली जाधव और सपना चौहान के साथ मिलकर रोमांस भी करते नजर आएंगे।

वैसे हम आपको बता दें कि जे पी स्टार पिक्चर्स प्रस्तुत पवन सिंह की फिल्म जियो मेरी जान का फर्स्ट लुक अनायास किसी का भी ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने वाला है, जिसमें उनकी शर्ट बुरी तरह फटी हुई है। हाथ में एक चप्पल है और चेहरे पर चोट के निशान। यह फिल्म के प्रति दर्शकों को उत्सुकता बढ़ाने वाली है। फिल्म में पवन सिंह, रूपाली जाधव और सपना चौहान के साथ विनीत विशाल, साहिल सिद्दीकी, अयान सिंह, दिवंगत - ब्रजेश त्रिपाठी, जफर खान, संजीव मिश्रा, धामा वर्मा, रवि तिवारी, सुजीत भट्ट मुख्य भूमिका में हैं।

फिल्म जियो मेरी जान की कहानी राकेश त्रिपाठी ने लिखी है। पी आर ओ रंजन सिन्हा हैं। डीओपी देवेंद्र तिवारी हैं। संगीतकार रजनीश मिश्रा, प्रियांशु सिंह, छोटू रावत हैं, जबकि गीतकार विनय बिहारी, आशुतोष तिवारी, अरुण बिहारी हैं। फिल्म के कोरियोग्राफर रिक्की गुप्ता एमके गुप्ता (जॉय), सोनू सिंह हैं। एक्शन दिलीप यादव व रौशन और कला निर्देशक संजय कुमार हैं।




# मामी के घर में युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत, नशा करने की आशंका

**केटी न्यूज/आरा**



नवादा थाना क्षेत्र के करमन टोला रस्सी बगान मोहल्ले में बुधवार की शाम एक युवक की संदिग्ध स्थिति में एक युवक की मौत हो गयी। मृत युवक मूल रूप उदवंतनगर गांव निवासी जीतन राम का 32 वर्षीय पुत्र उपेंद्र कुमार था। वह करीब छह साल से अपनी मामी के साथ करमन टोला रस्सी बागान मोहल्ले में किराए के मकान में रहता था। पुलिस की ओर से नशे के कारण जबकि उसके भाई द्वारा मारपीट कर हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। उसके भाई मुन्ना कुमार ने बताया की लगभग सात वर्षो से करमन टोला रस्सी बगान मोहल्ला मामी के घर पर रहता था। वह इधर-उधर काम करता था और नशा भी करता था। बुधवार की शाम मामी के परिजनों ने उसकी तबीयत काफी खराब होने की सूचना दी। सूचना पर वह मामी के घर पहुंचा, तो देखा देखा कि उसका भाई मृत अवस्था में पड़ा है। उसके मुंह और नाक से खून बह रहा था। उसने किसी द्वारा मारपीट करने और हत्या करने की आशंका जताई है। हालांकि किसी से दुश्मनी या विवाद से इनकार किया है। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।पुलिस के अनुसार शुरुआती जांच में युवक की मौत नशा करने के कारण होना प्रतीत हो रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## खटाल संचालक हत्याकांड में आरोपियों पर कुर्की

**आरा।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जीरो माइल के पास तेतरियां गांव निवासी खटाल संचालक की हत्या में वांछित दक्षिण एकौना गांव निवासी करण सिंह और कुणाल सिंह के घर पर जल्द ही कानून का हथौड़ा चलने वाला है। उसे लेकर कोर्ट की ओर से बुधवार को दोनों भाइयों के खिलाफ इश्तेहार और कुर्की का आदेश जारी कर दिया गया। उसके आधार पर पुलिस इश्तेहार और कुर्की की तैयारी में जुट गयी है। उदवंतनगर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार की ओर से दोनों के खिलाफ इश्तेहार और कुर्की का आदेश मिलने की पुष्टि की गयी है। दोनों भाइयों का गड़हनी के बगवां निवासी पूर्व मुखिया विनोद सिंह को गोली मारने में भी नाम आया है। उसके बाद ही पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। बता दें कि एक दिसंबर की रात जीरो माइल के समीप खाने-पीने का विरोध करने पर खटाल संचालक रामायण सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

## एक नजर

### शराब के साथ वार्ड सदस्य सहित दो गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधेबाजों को जम्होर थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए धंधेबाजों की पहचान जम्होर वार्ड सदस्य धनंजय राम एवं मंटू कुमार के रुप में की है। इनके पास से गोवा निर्मित 16.38 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाई के फलस्वरूप अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें एक वार्ड सदस्य हैं। संदर्भ में कांड दर्ज कर दोनों को आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### ऑटो से लदा अंग्रेजी शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** ऑटो से अंग्रेजी शराब की एक खेप माली थाना की पुलिस ने बरामद किया है। साथ ही दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए धंधेबाजों की पहचान हसपुरा थाना के टनकुप्पी गांव निवासी प्रदीप कुमार एवं अंशु कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि कार्रवाई के फलस्वरूप एक ऑटो से 73.125 लीटर अंग्रेजी शराब एवं 900 एमएल देसी शराब बरामद किया गया। संदर्भ में दो धंधेबाजों को आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि लगातार शराब के धंधेबाजों पर नजर रखी जा रही है। इसके लिए लगातार पुलिस गश्त पर है। ताकि शराब के तस्करों अपनी चाल में सफल नहीं हो सके।

### सड़क दुर्घटना में घायल ट्रक ड्राइवर की मौत

**जहानाबाद।** मखदुमपुर पटना गया राष्ट्रीय राजमार्ग के नंदनपुरा बाईपास के ढकनी बीघा मोड़ के समीप एक सप्ताह पूर्व घने कोहरे रहने के कारण खड़े ट्रक में एक ट्रक ने पीछे से धक्का मार दिया था। जिसमें ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था घायल चालक पटना जिले के मसोरढी के लाला बिगहा गांव निवासी श्रीभगवान पासवान की इलाज के दौरान पटना पीएमसीएच में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पटना गया राष्ट्रीय मार्ग के नंदनपुरा गांव के ढकनी बीघा मोड़ के समीप एक ट्रक खड़ा था वहीं घने कोहरे रहने के कारण पीछे से आ रहे एक ट्रक ने धक्का मार दिया था। जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था घायल ट्रक चालक को टेहटा ओपी की पुलिस ने इलाज के लिए मखदुमपुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया था जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु पीएमसीएच रेफर कर दिया है। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई घटना के बाद मृतक के फर्द बयान पर मखदुमपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### चार धंधेबाज चढ़े उत्पाद विभाग के हत्थे

**औरंगाबाद।** मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के विरुद्ध उत्पाद विभाग सख्त हैं। मंगलवार की देर शाम शराब के साथ चार डिलिवरी बॉय को उत्पाद विभाग की टीम ने धर दबोचा हैं। इनके पास से देसी एवं कच्ची शराब की खेप बरामद किया गया है। साथ ही दो बाइक जब्त किया गया है। पूछताछ में धंधेबाजों ने कारोबार से जुड़ी जानकारी पुलिस को दी है। यह कार्रवाई अलग-अलग जगहों पर की गई है जिसमें अंबा थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव के समीप बाइक सवार दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है जिनकी पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के लभरी गांव निवासी विनोद पासवान एवं विकास कुमार के रूप में हुई है। इनके पास से 60 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया है। वहीं मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अदरी गांव से शराब के साथ ढिबरा थाना क्षेत्र के निरंजनापुर गांव निवासी सुरेश यादव एवं सुशील कुमार को गिरफ्तार किया। इनके पास से 180 एमएल के 130 बोतल देसी शराब बरामद किया गया है। मामले में सख्ती से पूछ-ताछ के दौरान धंधेबाज ने बताया कि वह अनिल कुमार नाम के एक शराब माफिया के लिए धंधा करता हैं और मांग के अनुसार लोगों तक बाइक से शराब पहुंचाता है। यह कार्रवाई सब इंस्पेक्टर मिथिलेश कुमार के नेतृत्व में एएसआई सुधीर कुमार, बीएचजी बसंत कुमार, सूरज कुमार एवं एक्स सिपाही अलका कुमारी के द्वारा की गई।

## खबरें फटाफट

### 25 बीघा की धान जलकर खाक

**औरंगाबाद।** आग लगने से 25 बीघा की धान जलकर खाक हो गया जिसमें किसान को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। मामला फेसर थाना क्षेत्र के खैरा सलेम गांव की हैं। जहां नागेन्द्र सिंह के खलिहान में अहले सुबह एक व्यक्ति ने आग लगा दी जिसमें खलिहान में रखी धान के बोझे जलकर खाक हो गई। मामले में पीड़ित किसान ने थाना में तहरीर समर्पित कर, गांव के ही एक व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की हैं। अहले सुबह हमारा भगिना नीरज सिंह जब अपने खलिहान के तरफ गया तो देखा कि गांव के ही एक व्यक्ति खलिहान में आग लगाकर भाग रहा है, मौके पर शोर मचाया और उसे पकड़ने की कोशिश की तो उसने मुझ पर पिस्तौल तान दी और जान मारने की धमकी दी। इसके बाद आस-पास के लोग घटना स्थल पर पहुंचे तो वह व्यक्ति भाग खड़ा हुआ। तत्पश्चात घटना की सूचना पुलिस को दी गई और फायर ब्रिगेड तथा लोगों की सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

### कुएं से मिला युवक का शव, इलाके में सनसनी

**औरंगाबाद।** प्रखंड क्षेत्र के झखरी गांव के एक कुएं से शव बरामद किया गया। यह घटना बुधवार की सुबह दस बजे की है। मृतक की पहचान उक्त गांव निवासी नागेंद्र सिंह के पुत्र अखिलेश सिंह के रूप में हुई है। मृतक के छोटे भाई लवकुश सिंह ने बताया कि वे मंगलवार की शाम खेत तरफ घूमने गए थे। परंतु देर रात घर नहीं लौटा। तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। परिजनों ने सोचा कि अपने किसी दोस्त के घर रुक गए होंगे। परंतु बुधवार की सुबह जब वे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने आसपास के गांव एवं खेतों में ढूंढना शुरू कर दिया। इसी क्रम में गांव से करीब एक किलोमीटर दक्षिण दिशा में स्थित पहाड़ी के बगल में बने कुएं के अंदर शव पर नजर पड़ी। परिजनों द्वारा अंबा थाना को घटना की सूचना दी गई जिसके अलोक में घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## औरंगाबाद में राष्ट्रीय जनता दल का कार्यकर्ता जन संवाद सम्मेलन आयोजित

# 10 लाख नौकरी व रोजगार देने का वादा तेजस्वी यादव ने किया पूरा: उद्योग मंत्री

♦ गोह विधायक भीम सिंह यादव ने युवा कार्यकताओं में ऊर्जा भरते हुए उन्हें पार्टी हित में काम करने को किया प्रेरित

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



राष्ट्रीय जनता दल का कार्यकर्ता जन संवाद सम्मेलन जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता में नगर भवन में संपन्न हुआ। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता बिहार सरकार में भूमि राजस्व एवं गन्ना उद्योग मंत्री अलोक मेहता ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के निर्देशानुसार, देश के युथ आईकॉन उपमुख्यमंत्री तेजस्वी एवं प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के मार्गदर्शन में बिहार के प्रत्येक जिले में कार्यकर्ता जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। श्री मेहता ने कहा कि चुनाव पूर्व हमारे नेता तेजस्वी यादव ने वादा किया था कि सरकार बनते ही 10 लाख नौकरी और 10 लाख रोजगार देंगे जो की महागठबंधन सरकार में शामिल होते ही उन्होंने पूरा किया। उन्होंने जातीय जनगणना करवा करके अत्यंत पिछड़ा वर्ग में आरक्षण का दायरा बढ़ाकर के पिछड़ा एवं अति पिछड़े वर्ग अनुसूचित जाति के समाज को सम्मानित करने का काम किया हैं। गोह विधायक भीम सिंह यादव ने युवा पार्टीजनों में ऊर्जा भरा और उन्हें पार्टीहित में काम करने को प्रेरित किया। उन्होने कहा कि किसी भी दल का रीढ़ कार्यकर्ता ही होते हैं। आप दल के संगठन को मजबूत करने के साथ समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास करिये। धर्म की राजनीति से हमें हमेशा बचना चाहिए।

रफीगंज विधायक मो. नेहालुद्दीन ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने दायित्वों का निवर्हन पूरी इमानदारी से करें। उन्होने कहा कि हर क्षेत्र में युवाओं की भूमिका अहम होती है। आपको दल ने जो जिम्मेवारी दी है आप सही ढंग से उसका पालन करें। इसके साथ ही समाज में व्याप्त बुराइयों पर भी नजर रखें। हमें विश्वास है कि आप सभी नौजवान साथी अनुशासित होकर दल के संगठन को मजबूत करेंगे। विधान पार्षद सदस्य निरंजन राय ने कहा कि आगामी चुनाव में नेता तेजस्वी यादव के नेतृत्व में आप कार्यकताओं के बल पर हम निश्चित ही चुनाव जीतेंगे।

नवीनगर विधायक विजय कुमार उर्फ डब्लू सिंह ने कहा कि पार्टी और नेता ताकतवर तब बनते हैं, जब युवा पूरे जोश-ओ-खरोश के साथ गांव- टोलों में पार्टी के नीति सिद्धांत को प्रचारित-प्रसारित करें और नए लोगों को पार्टी से जोड़ें। उन्होंने राजद के लोकसभा प्रत्याशी को जीता कर सदन भेजने पर जोर दिया। रोजगार के मामले में उपमुख्यमंत्री तेजस्वी ने दुनिया के सामने एक लकीर खींची हैं, उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में मुद्दा नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष बनाम तेजस्वी यादव के 15 माह का कार्यकाल होगा।

ओबरा विधायक ऋषि कुमार ने कहा कि तेजस्वी जी ने मात्र अपने 15 महीने के कार्यकाल में सिंचाई कमाई दवाई करवाई और सुनवाई की नीति को लागू करके दुनिया के सामने एक लकीर खींचे हैं। बिहार में आज दिन प्रतिदिन नौकरियां बांटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु राम जी हमारे दिल में बसते हैं। भगवान राम हमारे आराध्य हैं। राजनीति के मुद्दे नहीं। विधायक मोहम्मद अली ने कहा कि जातीय जनगणना करवा करके अत्यंत पिछड़ा वर्ग में आरक्षण का दायरा बढ़ाकर के पिछड़ा एवं अति पिछड़े वर्ग अनुसूचित जाति के समाज को सम्मानित करने का काम किया हैं।

पूर्व लोकसभा सदस्य राजेश मांझी कहा कि भारत सरकार की कोई ऐसी पॉलिसी नहीं जिससे नौजवानों को लाभ मिल सकें। कहा कि आशा की एक किरण युवाओं के मान सम्मान के प्रतीक तेजस्वी यादव हैं। तेजस्वी यादव ने 10 लाख नौजवानों को नौकरी देने की घोषणा अपने चुनाव प्रचार के लिए की थी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, विधायक मोहम्मद अली अशरफ सिद्दीकी, विधायक अनीता भारती, पूर्व विधान पार्षद सदस्य डॉ उपेंद्र प्रसाद, पूर्व विधान पार्षद अनुज कुमार सिंह, पूर्व विधायक सुरेश मेहता, प्रदेश महासचिव कालेश्वर यादव, ई. सुबोध कुमार सिंह, युसूफ आजाद अंसारी, मोहम्मद अहसान हक अंसारी, राजद ज़िला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव, ज़िला पार्षद शंकर यादव, जिला प्रधान महासचिव अनिल टाइगर, बादशाह यादव, उदय उज्जवल, सुमन सिंह, सरोज देवी, डॉ. चंदन यादव, सत्येंद्र यादव, चंद्रशेखर कुशवाहा अदि मौजूद रहे।

# मॉब लिंचिंग के छह अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



मॉब लांचिंग के आरोप में 6 अप्राथमिकी अभियुक्तों को नवीनगर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान थाना क्षेत्र के महुअरी गांव निवासी आलोक चौहान, सुजीत चौहान, मुकेश चौहान, सुरजलाल चौहान, दशरथ चौहान, दिनेश राम उर्फ दिनेश भुईयां के रूप में हुई है। दरअसल बीते सोमवर की दोपहर थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरिया मोड़ पर कार पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें कार सवार ने पिस्तौल से फायरिंग कर दिया। मामले में महुअरी गांव के निवासी 65 वर्षीय रामशरण चौहान की गोली लगने से मौत हो गई। इसके उपरांत आक्रोशित लोगों ने कार सवार पांच बदमाशों को जमकर पिटाई कर दी जिसमें झारखंड के पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के भाई बिगहा गांव निवासी मो. मोजाहिद एवं अरमान अंसारी की मौके पर मौत हो गई थी। जबकि हैदरनगर थाना मुख्यालय निवासी चमन अंसारी की इलाज के लिए ले जाते वक्त रास्ते में मौत हुई थी। इस घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्लाह खां के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया जिसमें सर्किल इंस्पेक्टर विरेंद्र प्रसाद यादव एवं थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे सहित अन्य सशस्त्र बलों के द्वारा की गई। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुऐ भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर 6 अप्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले में 6 अप्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

# सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को किया गया जागरूक, बच्चों ने प्रभातफेरी में लिया भाग

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सड़क सुरक्षा को लेकर नगर थाना द्वारा जागरूकता के लिए प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें स्कूलों के बच्चों ने भीं भाग लिया और लोगों को ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। शहर के रमेश चौक पर छोटे-बड़े वाहनों को रोक कर उनके चालकों को सड़क सुरक्षा के संबंध में बरती जाने वाली सावधानियों के पर्चे भी दिए गए। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्लाह खान ने कहा कि कहा कि जीवन अमूल्य है। इसलिए हमें सदैव सड़क पर चलते समय सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। सभी को सड़क पर चलने के नियमों का पालन करना चाहिए। इससे दुर्घटनाओं की आशंका बहुत कम हो जाती है। वाहन का भी समय-समय पर कुशल कारीगरों से परीक्षण कराते रहना चाहिए। प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक रेणु कुमारी ने बताया कि प्रभात फेरी के दौरान आम जनों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों को पालन करने के लिए फूल देकर संकल्प दिलाया गया। साथ ही अपील की गई कि यातायात नियमों का पालन करें। खुद भी सुरक्षित रहे और दूसरों को भी सुरक्षित रखे। उन्होने कहा कि अपने वाहन को गति सीमा में चलाएंगे। बिना हेलमेट दोपहिया वाहनों को नहीं चलाएंगे। वाहन चलाते समय सड़क संकेतों का पालन करेंगे।

# रसोई गैस की महंगाई ने गरीब महिलाओं को फिर धुएं में धकेला



**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

केंद्र सरकार की गरीबों के लिए शुरू की गई महत्वाकांक्षी उज्ज्वला योजना के तहत वितरित किए गए गैस सिलिंडर अब गरीबों को भारी पड़ने लगे हैं। बीते कुछ दिनों में गैस सिलिंडरों की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के चलते गरीब घरों की महिलाओं को फिर से लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाना पड़ रहा है। इन महिलाओं की जिंदगी से धुआं खत्म करने के बाद रसोई गैस की बढ़ी कीमतों ने एक बार फिर धुएं में धकेल दिया है। बढ़ते दामों से न सिर्फ गरीब परिवारों के लोग बल्कि सामान्य परिवार भी खासे परेशान हैं। लोगों का कहना है कि पांच राज्यों में भाजपा की सरकार बनने के बाद केंद्र सरकार को जनता को राहत देनी चाहिए थी, लेकिन उसने रसोई गैस महंगा कर विश्वासघात किया है। महिलाओं ने कहा कि गैस के महंगे होने की वजह से अब फिर से घर में गैस के बजाय मजबूरन चूल्हे पर खाना बनाना शुरू कर दिया है। यदि वह चूल्हें का सहारा नहीं लेती है तो उनके घर के बजट खराब हो जाएगा। जिसका असर परिवार के विकास पर पड़ेगा। इसलिए मजबूरी में चूल्हा का प्रयोग करना पड़ रहा है। परिवार के सदस्यों ने दिन में कम से कम एक समय का खाना चूल्हे पर बनाने का फैसला किया है। ताकि सिलिंडर के पैसे बचाकर घर के बजट को गड़बड़ाने से बचाया जा सके।






# 22 को मुंबई में निकलेगी भगवान श्रीराम की भव्य झांकी: डॉ. रमेश सिंह

- ठाकुर कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स व श्रीमद् भागवत सेवा समिति कांदिवली मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में निकाली जा रही है झांकी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



अयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति स्थापना से देशभर में उत्साह कायम है। सिने जगत वाली मुंबई भी इससे अछूता नहीं है। डुमरांव के चर्चित शिक्षाविद् व संत जॉन सेकेन्डरी स्कूल के निदेशक डा. रमेश सिंह इन दिनों मुंबई में है। वे वहां ठाकुर कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स तथा श्रीमद् भागवत सेवा समिति कांदिवली मुंबई के संयुक्त के तत्वावधान में आयोजित हो रहे श्रीराम जन मंगल यात्रा में बतौर अतिथि वहां पहुंचे हैं। उन्होंने कॉलेज के संस्थापक व ट्रस्टी ठाकुर रमेश सिंह, बिहारी सिंह, लाल साहब सिंह, दिनेश सिंह, विनय कुमार सिंह और विजय सिंह समेत कुल 150 लोगों के साथ मिल इस यात्रा की शुरूआत की।

यह यात्रा मुंबई के कांदिवली क्षेत्र में डोर टू डोर घुम लोगों को 22 जनवरी को कॉलेज चौक पर निकलने वाले भगवान श्रीराम की झांकी में शामिल होने का न्योता दिया जा रहा है। डा. सिंह ने बताया कि इस यात्रा व झांकी के प्रति स्थानीय लोगों में जबर्दस्त उत्साह है। यात्रा में शामिल लोगों का जगह जगह स्वागत किया जा रहा है। डॉ. सिंह ने कहा कि वे झांकी के बाद ही आएंगे। वही स्थानीय निवासी सह ट्रस्टी ठाकुर रमेश ने कहा कि झांकी में 20 हजार लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यह 22 जनवरी को अयोध्या के बाद का सबसे बड़ा आयोजन होने जा रहा है।

## भगवान श्रीराम के झंडों से पटा डुमरांव बाजार

**डुमरांव।** 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है। देशभर में इसकी खुशियां मनाई जा रही है। करोड़ो सनातनियों के अराध्य भगवान श्रीराम के मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को ले देशभर में गजब का उत्साह है। इस उत्साह से डुमरांव भी अछूता नहीं है। डुमरांव में भी हिंदू परिवारों का जोश व उमंग देखने को मिल रहा है। कई लोग अयोध्या जाने की तैयारी में हैं तो कईयों ने डुमरांव को ही अयोध्या बनाने की ठानी है। इसी कड़ी में यहां के व्यवसायी भी जुट गए हैं। डुमरांव का बाजार भगवान श्रीराम व उनके परम भक्त वीर हनुमान के झंडो से पट गया है। स्टेशन रोड स्थित झंडा विक्रेता अशोक कुमार व उनके पुत्र अंकित कुमार ने झंडों को सजाते हुए बताया कि पिछले एक सप्ताह से इसके खरीददार आ रहे हैं। लोग अपने घरों, गाड़ियों तथा मंदिरों में इस झंडे को लगाने के लिए ले जा रहे हैं। श्रीखादी भंडार के कृष्ण कुमार केशरी ने बताया कि भगवान श्रीराम व वीर हनुमान के झंडों की बिक्री बढ़ गई है। लोगों में मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा को ले जबरदस्त उत्साह है। अमूमन ऐसे झंडे रामनवमी के समय ही बाजार में दिखाई पड़ते हैं। कृष्ण कुमार की मानें तो इस बार चैत रामनवमी से अधिक भगवान श्रीराम के झंडो की बिक्री पिछले कुछ दिनों में हो चुकी है।

## एक नजर

### डुमरांव के चर्चित चिकित्सक रहे डॉ. अनिल कुमार की 11वीं पुण्यतिथि मनी



**डुमरांव।** डुमरांव के प्रसिद्ध चिकित्सक व राज अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रहे स्व. डॉ अनिल कुमार की 11 वीं पूण्यतिथि बुधवार को मनाई गई। पूण्यतिथि पर उनके पुत्र डा. शैलेश कुमार श्रीवास्तव ने अपने निजी क्लीनिक में एक समारोह आयोजित कर 100 जरूतमंदों के बीच कंबल वितरीत किया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. डॉ. कुमार के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर मुफ्त मेडिकल शिविर भी चलाया तथा लोगों की जांच पड़ताल कर उन्हें जरूरी चिकित्सकीय सलाह दी। वही उन्होंने कहा कि समाज सेवा की भावना मुझे मेरे पिता से मिली है। बता दें कि डॉ. अनिल कुमार राज अस्पताल का मुख्य चिकित्सक रहते हुए मरीजों के बेहतर इलाज के साथ ही अपने व्यवहार कुशलता के लिए चर्चित रहे। पिता नक्शे कदम पर चलने तथा मानवता की सेवा जैसे कार्यों के लिए पूर्व पार्षद आदि ने डॉ. शैलेश कुमार की सराहना की। इस मौके पर डॉ शशि भूषण श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद अरविंद शर्मा, डॉ शिल्पी, आयांश, अनायशा, ब्रह्मेश्वर मिश्र, हरेन्द्र कुमार सिंह, सुखराम यादव, अनिल कुमार गुप्ता, त्रिलोकी कुमार,शैलेन्द्र राजू आदि मौजूद रहे।

### जननायक कर्पूरी ठाकुर रथ का हुआ भव्य स्वागत




**बक्सर।** जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती पर भाजपा ओबीसी मोर्चा बिहार द्वारा निकाला गया कर्पूरी ठाकुर रथ यात्रा बुधवार को बक्सर पहुंचा। जिसका ब्रह्मपुर में भव्य स्वागत किया गया। यह कर्पूरी ठाकुर रथ यात्रा बिहार के सभी जिलों में गांव-गांव भ्रमण कर अति पिछड़ा व पिछड़ों को जागने का कार्य करेगा। इसी कड़ी में बुधवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर रथ बक्सर जिला में आगमन पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष विवेक चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं के साथ ढ़ोल तासा व फूल माला के साथ ब्रह्मपुर में आगवानी की गई। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा के जिला मंत्री दिलीप चंद्रवंशी उपस्थित रहे। कर्पूरी ठाकुर रथ के माध्यम से ब्रह्मपुर विधानसभा के बगेन, गायघाट व ब्रह्मपुर के गांवों में लोगों को जन नायक कपूरी ठाकुर के उपलब्धियों को बताया गया। इस अवसर पर जनता को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला मंत्री दिलीप चन्द्रवंशी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का जीवन सादगी व ईमानदारी के मिसाल था। वे मुख्यमंत्री रहते रिक्सा से चलते थे। इस बार उनके जयंती पर 24 जनवरी को पटना के मिलर हाई स्कूल में भाजपा के राष्ट्रीय नेता व केंद्रीय मंत्री भाग लेंगे।

### नेहरू युवा विकास समिति ने निकाला शांति रैली

**केसठ।** नेहरू युवा केंद्र बक्सर और नेहरू युवा विकास समिति केसठ के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को युवा सप्ताह के अन्तर्गत युवा शांति दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्व में शांति के लिए युवाओं को प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष रतन रावत विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनवाईसी सोनू कुशवाहा ने व संचालन समाज सेवी नंदजी यादव ने किया। मंडल अध्यक्ष ने अपने संबोधन में स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शो के बारे में युवाओं अवगत कराया। उन्होंने बताया कि स्वामीजी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## खबरें फटाफट

### ठंड में गरीबों की बढ़ी मुश्किलें, अलाव व कंबल की प्रशासन ने नहीं ली सुध

**डुमरांव।** डुमरांव अनुमंडल का इलाका पूरी तरह शीतलहर की चपेट में है। पारा लुढ़कने से लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। मंगलवार को भी तापमान गिरा रहा और ठंडी हवा चलती रही। लोग सूर्यदेव की गर्मी पाने के लिए तरसते रहे। ठंड में पारा गिरने से लोगों की दिनचर्या पूरी तरह बदल गयी है। रात्रि पहर गर्म कपड़ों में भी ठंड का अहसास हो रहा है। लगातार बढ़ रही ठंड से गरीबों की मुश्किलें बढ़ गयी है। जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बावजूद ठंड से राहत पाने के लिए अनुमंडल प्रशासन व नगर परिषद प्रशासन ने अब तक कोई सुध नही ली है। शहर में कहीं भी मुअक्कल अलाव की व्यवस्था नही है जबकि कंबल वितरण नही होने से असहाय गरीब जैसे-तैसे ठंड में रातें गुजारने पर विवश है। पारा लुढ़कने से मौसम दिन-रात सितम ढाह रहा है फिर भी प्रशासन मौन है। आम लोगों के रोजमर्रे की रफ्तारो पर ब्रेक लग गया है। ठंड के कारण घरों में दुबके लोग चाह कर भी सुबह बेला में बाहर नही निकल रहे है। वहीं महिलाओं को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पछुआ हवा की कनकनी से लोग बेहाल है। ऐसा मौसम लोगों को सकून नही दे रहा है। कई जगहों पर लोग जैसे-तैसे ठंड से बचाव के उपाय करते रहे।

## आरोपित ने किया कोर्ट में सरेंडर, आरोपितों के घर के पास खेत में पड़ा था शव

# नोनियापुरा से गायब युवक का मिला शव गला दबा और चेहरे को कूच की गई हत्या

- ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के गायघाट का रहनेवाला था मृतक रविरंजन पाठक
- 11 जनवरी को रूपयों का तगादा करने नोनियापुरा आया था युवक

**केटी न्यूज/डुमरांव**

11 जनवरी को घर से नोनियापुरा बकाये रुपए का तगादा करने गया ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के गायघाट निवासी 41 वर्षीय रविरंजन पाठक उर्फ मूसन पाठक की हत्या कर दी गई है। बुधवार को उसका शव आरोपितों के घर से 100 मीटर पूरब अरहर के खेत में पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले परिजनों से पहचान करवाई। पहचान के बाद जरूरी कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया गया। आरोपितों ने उसके चेहरे को निर्मम तरीके से कूच तथा गला दबा हत्या की है। वही पुलिस दबिश के कारण मुख्य आरोपित मनू कानू ने बक्सर कोर्ट में आत्मसमपर्ण कर दिया। जबकि उसकी भाभी तथा रिश्तेदारी की एक लड़की को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। वही एक अन्य आरोपित को शाम में पुलिस ने पकड़ लिया, जिसे गुरूवार को जेल भेजा जाएगा। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। शव मिलने के बाद से ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों के क्रंदन चित्कार से कृष्णाब्रह्म थाना परिसर का माहौल भी कुछ देर के लिए गमगीन हो गया था। वहीं मृतक के गांव में भी मातमी सन्नाटा पसर गया है।



### पूर्व में आरोपित के घर में मिले खून के छींटें से गहराया शक



गायघाट के स्व. गोवर्द्धन पाठक का 41 वर्षीय पुत्र रविरंजन पाठक उर्फ मुसन पाठक सूद का कारोबार करता था। वह कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के नोनियापुरा निवासी विष्णु कानू के पुत्र मनु कानू को सूद पर मोटी रकम दिया था तथा अक्सर अपना सूद लेने के लिए उसके घर जाता था। 11 जनवरी को सुबह दस बजे वह अपनी पत्नी से नोनियापुरा जाने की बात कह निकला था। इसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला। शाम में जब वह नहीं लौटा तथा उसका मोबाईल भी स्वीच ऑफ हो गया, तब उसकी पत्नी ने मनू के मोबाईल पर फोन कर पूछताछ किया तो उसकी भाभी फोन उठाई। पहले तो वह बताई कि रविरंजन यहीं है, लेकिन जब उसकी पत्नी ने बात कराने को कहा तो बात कराए बगैर फोन काट स्वीच ऑफ कर दी। अगले दिन भी उसका कुछ पता नहीं चला। तब 13 जनवरी को रविरंजन के बड़े भाई भृगुनाथ पाठक ने नोनियापुर के मनू कानू, उसकी भाभी, मां तथा अन्य पर अपने भाई को गायब करने का आरोप लगा एफआईआर दर्ज कराया। इधर 12 जनवरी को ही नोनियापुरा स्थित मनू कानू के घर के बाहर खड़ी रविरंजन पाठक की बाइक को कृष्णाब्रह्म पुलिस लावारिस हालत में बरामद कर अपने साथ ले गई थी। एफआईआर दर्ज कराने के बाद जब ब्रह्मपुर पुलिस के साथ रविरंजन के परिजन नोनियापुरा आए तो उन्हें इस बात की जानकारी हुई कि आरोपित के घर के पास से एक बाइक पुलिस ले गई है। परिजनों ने कृष्णाब्रह्म थाना जाकर पड़ताल की तो उसकी बाइक वहां मिल गई। जिसके बाद परिजनों व पुलिस का शक गहरा गया तथा मनू के घर की तलाशी ली गई तो वहां खून के छिंटे मिले। लेकिन रविरंजन का सुराग नहीं मिल पाया।

### डॉग स्क्वायड टीम को नहीं मिली थी सफलता

बता दें कि ब्रह्मपुर पुलिस ने रविरंजन के गायब होने की गुत्थी सुलझाने के लिए एसएफएल टीम व डॉग स्क्वायड का सहारा भी लिया था। रविवार की रात ही फारेंसिक जांच टीम ने आरोपित के घर पहुंच दीवालों में सटे बाल तथा खून के छिंटे को साक्ष्य के तौर पर अपने साथ ले गई थी। लेकिन कोई साक्ष्य नहीं मिला था।

**बाद में लाकर फेंका गया है शव:** बता दें कि खोजी कुत्ता भले ही पूरब की तरफ गया था, लेकिन उस दिन शव नहीं मिला। वहीं बुधवार को ग्रामीणों की सूचना पर अरहर के खेत से पुलिस ने उसका शव बरामद किया। ऐसे में इस बात की आशंका जताई जा रही है कि या तो उसकी हत्या बाद में की गई होगी या फिर शव को बाद में लाकर यहां फैंका गया होगा।

**घर में पसरा मातम:** रविरंजन की मौत से उसकी मां गीता देवी, पत्नी कुसुम देवी तथा दोनों बच्चों के अलावे बड़े भाई भृगुनाथ पाठक समेत पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल था। बता दें कि पिछले साल उसके एक अन्य भाई की मौत बीमारी की वजह से हुई थी। परिवार अभी उस सदमें को भूल नहीं पाया था कि रविरंजन की मौत ने उन्हें झकझोर दिया।

**क्या कहते हैं डीएसपी:** रविरंजन का शव बरामद किया गया है। मुख्य आरोपित मनू कानू ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। तीन अन्य को गिरफ्तार किया गया है। उनसे पूछताछ कर इस जानकारी ली जा रही है कि उसकी हत्या क्यों की गई।
**- अफाक अख्तर अंसारी, डीएसपी, डुमरांव**

# क्राइम मीटिंग में बोले बक्सर एसपी- 22 जनवरी तक मंदिरों की सुरक्षा में अलर्ट रहें पुलिसकर्मी

**केटी न्यूज/बक्सर**



मंगलवार की शाम एसपी मनीष कुमार ने जिले के सभी थानाध्यक्षों व पुलिस पदाधिकारियों के साथ मासिक समीक्षा सह क्राइम मीटिंग किया। यह बैठक कार्यालय कक्ष में हुआ था। देर शाम शुरू हुए इस बैठक में एसपी ने 22 जनवरी को राममूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुलिसकर्मियों को अलर्ट रहने तथा मंदिरों तथा अन्य धार्मिक स्थलों की सुरक्षा पुख्ता करने का निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि ऐसे समय में उपद्रवी तत्व सक्रिय हो जाते हैं। एसपी ने कहा कि समय रहते ऐसे तत्वों पर लगाम लगाना होगा।

एसपी ने सभी थानेदारों को बारी-बारी से मुखातिब हो उनके थाना में लंबित कांडो की जानकारी ली तथा कांडो के समय से निष्पादन तथा फरार अपराधियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को शराब तस्करी पर लगाम लगाने तथा जमीन विवाद से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन करने को कहा। उन्होंने गंगा किनारे के सभी थानेदारों को हिदायत देते हुए कहा कि घने कोहरे में गंगा के रास्ते शराब कारोबारियों के हलचल तेज हो जाती है। वही चोरी की भी घटनाएं रात को होने लगती है। एसपी ने कुहासा में वाहन चेकिंग व शराब कारोबारी पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। इसके अलावा बैंक चेकिंग, एटीएम चेकिंग वह ज्वेलरी दुकानों के आसपास भी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। मीटिंग में मुख्यालय डीएसपी असफाक अंसारी, डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी, सदर डीएसपी धीरज कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी अमीषा राणा व इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, मनोज कुमार, सार्जेंट मेजर उमेश चंद्रा मौजूद थे।

# स्टेयरिंग पर मृत पड़ा था यूपी का ट्रक ड्राइवर, ठंड से मौत की आशंका

**केटी न्यूज/डुमरांव**

यूपी का एक ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई है। उसका शव नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के नवाडेरा के पास एनएच 922 सड़क किनारे खड़ी ट्रक के स्टेयरिंग पर पड़ा था। ट्रक मालिक की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजी। आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत ठंड लगने की वजह से हुई है।

मृतक ड्राइवर यूपी के देवरिया जिला स्थित समपार थाना क्षेत्र के सरया बिचली बेधी टोला का रहने वाला 50 वर्षीय धनंजय कुशवाहा बताया जाता है। इस मामले में उसी गांव के रहने वाले ट्रक मालिक बलवंत सिंह ने ओपी थाने में आवेदन देकर लिखित शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस मामले को संज्ञान में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। ट्रक मालिक ने पुलिस को बताया है कि ड्राइवर ट्रक यूपी 52 टी 4821 को लेकर सीमेंट लेने के लिए औरंगाबाद गया था। ट्रक ड्राइवर पर कई बार फोन किया गया लेकिन उसका मोबाइल नहीं उठा। किसी तरह सूचना मिली कि ट्रक नावाडेरा के फोरलेन पर खड़ी है। वहां जाने के बाद ड्राइवर का दरवाजा अंदर से लॉक था। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक का दरवाजा खोला तो अंदर ड्राइवर का शव पड़ा था। प्रथम दृष्टया ड्राइवर की मौत ठंड लगने की वजह बतायी जाती है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## जिले भर में सरसो का अच्छा उत्पादन होने की जगी उम्मीद

# डुमरांव में बिखरी पीले सोने की चमक, लहलहा रही सरसों की फसल

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव अनुमंडल के इलाके में इन दिनों सरसों की फसल के पीले फूलों ने कश्मीर की वादियों सी रौनक बिखेर दी है। अनुमंडल के खेतों में सरसों की फसल लहलहा रही है। सरसों के पीले फूलों को देखकर ऐसा लग रहा है कि मानों इन दिनों खेतों ने पीली चादर ओढ़ ली हो। सरसों की फसल के अनुरूप मौसम होने के चलते क्षेत्र में इस बार पीला सोना यानी सरसों की फसल अच्छी होने की उम्मीद दिखाई दे रही है। किसानों को भी सरसों की फसल से अच्छी पैदावार होने की उम्मीद है। क्षेत्र में ज्यादातर सरसों की फसलों में पीले फूल खिले हैं। फलियां आनी शुरू हो चुकी है, जिसकी देखभाल में किसान जुटे हुए हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने भी सरसों की फसल को लेकर किसानों को आगामी बीमारियों को लेकर कुछ सलाह दी है। किसानों को इस साल सरसों की अच्छी फसल होने की आशा है। सरसों की महक किसानों के खेतों में दिखाई देने लगी है और मौसम में आये बदलाव को देखते हुए प्रखंड सहित जिले भर में पीले सोने का अच्छा उत्पादन होने की उम्मीद लगाया जा रहा है।

किसान इस कड़ाके की ठंड में भी दिनभर अपने खेतों में काम करते नजर आ रहे हैं। कम लागत से अधिक उत्पादन की चाह में क्षेत्र के किसानों द्वारा खेतों में सरसों की बुआई पिछले साल की तुलना में ज्यादा मात्रा में किया गया है। अनुमंडल क्षेत्र के अलग-अलग किसानों ने जानकारी के दौरान बताया कि सरसों की फसल के लिए यह मौसम बेहद उपयुक्त है इसलिए सरसों का अच्छा उत्पादन होने की उम्मीद भी जताई जा रही है। कृषि विभाग के कर्मियों ने बताया कि यदि किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी या फसल में किसी प्रकार की भी बीमारी का प्रकोप दिखाई दे तो वे पंचायत किसान सलाहकार, प्रखंड कृषि समन्वयक या प्रखंड कृषि पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।






# दो महाविद्यालयों में 300 छात्र-छात्राओं को दिया गया निःशुल्क स्मार्टफोन

◆ लाभार्थियों के चेहरे खिले, छात्रों का भविष्य सुधारने में स्मार्टफोन का होगा अहम रोल

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

शासन की ओर से क्षेत्र के दो अलग-अलग महाविद्यालयों में 300 छात्र- छात्राओं को निः शुल्क स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। जिसे पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। गदाधर श्लोक महाविद्यालय में मुख्य अतिथि तहसीलदार राम ने 143 छात्र -छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया। इस दौरान कहा कि डिजीटल क्रांति के इस दौर में इसका अगर सही सदुपयोग किया जाए तो आनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में इसे बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।



कहा कि आज के दौर में इसका उपयोग हर क्षेत्र में बेहतरी के लिए किया जा सकता है, जिसमें समय का भी बचत होगा। इसी तरह गरूआ मकसूदपुर स्थित महात्मा गांधी शती स्मारक महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार देवा कुमार गोंड ने 157 छात्र-छात्राओं को निः शुल्क स्मार्टफोन का वितरण किया। इसके मिलते ही छात्र-छात्राएं खुशी से उछल पड़े। इस दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार की इस योजना से देश के भविष्य छात्र -छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आनलाइन पढ़ाई के दौरान काफी सुविधाएं मिलने के साथ ही तमाम तरह की जानकारियां भी मिल सकेगी। कहा कि डिजिटल के इस दौर में इसके बिना हर काम अधूरा है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि इसका सही उपयोग छात्र छात्राओं के जीवन में अमूलचूल परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने कहा कि समय के साथ हर चीज में बदलाव होता है। उसके साथ चलना जरूरी होता है। उन्होंने उम्मीद जताया कि एक दिन यही छात्र-छात्राएं देश का नेतृत्व कर अपने महाविद्यालय व परिवार सहित प्रदेश का नाम रौशन करेगें। तभी विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सुशील तिवारी, प्राचार्य डाक्टर जितेन्द्र नाथ राय, प्रोफेसर श्वेता सिंह (महिला संयुक्त मंत्री पूर्वांचल विश्वविद्यालय), नोडल अधिकारी डा. मनोज कुमार राय , राजीव कुमार, सुबाष चंद, अश्वनी, भूपेश राय, झारखंडे राय, संतोष पाण्डेय, अक्षय कुमार, ज्ञानेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार, चाकू बरामद




**बलिया।** मिड्ढा गांव से अवैध गांजा व चाकू के साथ गिरफ्तार आरोपी अमित कुमार भारती को फेफना थाने की पुलिस ने बुधवार की दोपहर संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना पर फेफना थाने की पुलिस ने बीते मंगलवार की शाम मिड्ढा गांव से अमित कुमार भारती निवासी मिड्ढा को गिरफ्तार किया था। जमी तलाशी के दौरान अमित कुमार भारती के पास से एक किलो 600 ग्राम अवैध गांजा व एक चाकू बरामद हुआ था। दूसरे दिन यानी बुधवार की दोपहर फेफना थाने की पुलिस ने संबंधित धाराओं में आरोपी को न्यायालय चालान कर दिया। फेफना थानाध्यक्ष ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी की गिरफ्तारी की गई है। आरोपी को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया गया है।

### मंदिर के बाहर नहीं जला अलाव, भड़के डीएम

**बलिया।** ठंड व गलन के साथ शीतलहर चलने के कारण तापमान में लगातार गिरावट हो रही है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। इसी के दृष्टिगत डीएम रविंद्र कुमार देररात शहर भ्रमण पर निकले और अलाव जलाने की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कासिम बाजार चौराहा और हनुमानगढ़ी मंदिर के बाहर अलाव जलता न देख डीएम ने एसडीएम सदर एवं प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, बलिया आत्रेय मिश्रा और सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी को कड़ी फटकार लगाते हुए सभी जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर तत्काल 2 घंटे के अंदर लकड़ी मंगाकर अलाव जलाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहले से ही इन व्यवस्थाओं के बारे में आप लोगों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिया गया था।

### आभूषण दुकान से पांच लाख के जेवरात की चोरी



**चंदौली।** कोतवाली क्षेत्र के नई बाजार कस्बा में बीती रात चोर आभूषण की दुकान की दीवार में नकबजनी कर नगदी सहित करीब पांच लाख रुपये के आभूषण लेकर चंपत हो गए।चोरी की इस बड़ी वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। भुक्तभोगी की सूचना पर पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम जांच पड़ताल में जुट गई है। नई बाजार कस्बा निवासी संतोष कुमार सेठ की घर के पास ही आभूषण की दुकान है। मंगलवार की देर शाम संतोष दुकान बंद कर घर चले गए। पीड़ित के अनुसार चोर दुकान की बगल से दीवार में सेंध लगाकर घुस गए। और दुकान में रखी तिजोरी को तोड़ उसमें रखे पांच किलो चांदी,100 ग्राम सोना,60 हजार नगदी व ग्राहकों का साफ-सफाई के लिए रखे पायल सहित अन्य आभूषण लेकर भाग गए।सुबह जब दुकान पर पहुंचा तो वहां का दृश्य देखकर हतप्रभ हो गया। तत्काल इसकी नई बाजार पुलिस को दी। वही चोरी की सूचना मिलते ही व्यापारियों की भीड़ जुट गई। लोगों का कहना था कि दुकान से महज कुछ ही दूरी पर पुलिस चौकी है,लेकिन चोरों ने उसको धता बताते हुए वारदात को अंजाम दिया। लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते देखे गए।

### दिव्यांगजनों को वितरित किए जाएंगे कृत्रिम अंग

**मऊ ।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी नरेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि समस्त विकास खंडों पर कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण योजनान्तर्गत दिव्यांगजन को उनकी आवश्यकतानुसार 09 प्रकार के कृत्रिम अंग व सहायक उपकरणों को उपलब्ध कराये जाने हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में चयन किया गया है। दिनांक 16 जनवरी 2024 से 30 जनवरी 2024 तक समस्त विकास खण्डों एवं नगर पालिका परिषद, मऊ का किया जाना था। उक्त के कम में दिनांक 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम जन्म भूमि परिसर में बने मंदिर में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन के उपलक्ष्य में दिनांक 22 जनवरी 2024 को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है, जिस कारण से दिनांक 22 जनवरी 2024 को विकास खण्ड दोहरीघाट में वितरण होने वाला कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण शिविर अब संशोधित दिनांक 31 जनवरी 2024 को किया जायेगा।

## खबरें फटाफट

### ठंड को देखते हुए स्कूल 20 जनवरी तक बंद

**चंदौली।** जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन के क्रम में बीएसए सत्येंद्र कुमार सिंह ने जनपद में शीतलहर व ठंड को प्रकोप को देखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग से संचालित विद्यालयों व मान्यता प्राप्त विद्यालयों को 20 जनवरी तक बंद रखने का आदेश दिया है। हालांकि इस दौरान स्कूलों में शिक्षण कार्य बंद रहेगा और छात्र-छात्राएं विद्यालय में उपस्थित नहीं रहेंगे। वहीं शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व विद्यालय के कर्मी उपस्थित होकर प्रशासकीय कार्य व अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

### जमुनीपुर में सूर्य नारायण की मूर्ति स्थापित

**चंदौली।** क्षेत्र के जमुनीपुर गांव में बुधवार को वैदिक रीति-रिवाज के साथ सूर्यनारायण की मूर्ति स्थापित की गयी। इस दौरान भारी मात्रा में गांव के महिलाओं व पुरुषों द्वारा गाजे-बाजे के कलश यात्रा निकाली गयी, जिसमें कुंवारी कन्याए अपने-अपने सिर कलश लेकर जमुनीपुर ग्राम मे स्थित सभी मन्दिरो की चक्रमण कर रही थी। वही गांव के रामचन्द्र मन्दिर पहुंच कर मत्रोंच्चारण के साथ वैदिक रिती रिवाज के साथ हवन पूजन कर सूर्यदेव महाराज की मूर्ति स्थापित की गयी। रामचंद्र मंदिर प्रांगण में अखंड हरीकृतन से साथ भक्तो ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। घने कोहर ठिठुरन भरे वातावरण में ग्रामीणो व भक्तो का भगवान के प्रति श्रद्धा, आस्था विश्वाश का नजारा देखने को मिला।

### किन्नर को गोली मारने वाला गिरफ्तार

**गाजीपुर।** नंदगंज थाना क्षेत्र में दस दिन पहले एक किन्नर को गोली मारी गई थी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने मंगलवार को मीडिया के सामने उसे पेश किया। एसपी ने बताया कि युवक ने किन्नर के साथ छेड़छाड़ किया था। जिससे नाराज होकर किन्नर ने उसकी पिटाई कर दी थी। इसके बाद खुन्नस खाए हुए युवक ने किन्नर पर गोली चला दी थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्त सत्यम कुमार पुत्र मुन्ना राम निवासी ग्राम सिहोरी थाना नंदगंज को थाना क्षेत्र के बलवंत गेस्ट हाउस से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक पिस्टल और एक कारतूस बरामद किया गया है।

### जनपद के मंदिरों की प्रतिदिन हो रही साफ-सफाई

**गाजीपुर।** अयोध्या में राम मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा जनपद राम मय हो गया है। इसी क्रम में संस्कृति विभाग के सहयोग से सूचना विभाग के पंजीकृत कलाकारों ने अपने आवाज के जादू से पूरा वातावरण भक्तिमय कर दिया। जनपद में प्रमुख देव मंदिरों, श्रीराम मंदिर, हनुमान मंदिर तथा वाल्मीकि मंदिरों में रामकथा, रामायण पाठ, भजन-कीर्तन आदि कार्यक्रम कराए जा रहे है। इसी क्रम में जनपद के तहसीलवार चयनित मंदिरों में कलाकारों द्वारा 16 जनवरी को जखनियां क्षेत्र के बरेसर में सीताराम मंदिर के साथ ही रेवतीपुर आदि मंदिरों में भव्य कार्यक्रम हो रहा है।

## राज्यमंत्री सहित जिलाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने नव दंपत्तियों को दी बधाई और शुभकामनाएं

# 551 जोड़े बंधे वैवाहिक बंधन में





**केटी न्यूज/ बलिया**

समाज कल्याण विभाग, बलिया द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आज ग्राम पंचायत हल्दीरामपुर बेल्थरा रोड के लाल मणि बाबा ऋषि इंटर कॉलेज के प्रांगण में सामूहिक रूप से 551 जोड़ो का धार्मिक रीति तथा वैदिक मंत्रोच्चारण और पूरी भव्यता के साथ विवाह सम्पन्न हुआ। 542 हिंदू धर्म से संबंधित तथा 9 अल्पसंख्यक (मुस्लिम) समुदाय से संबंधित जोड़े रहे। सामूहिक विवाह समारोह के मुख्य अतिथि के रुप में राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज, उत्तर प्रदेश दानिश आजाद अंसारी शामिल हुए।इस कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत उपस्थित राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा उपस्थित स्थानीय कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक स्वागत गीत और शिवमांगलिक व विवाह गीत का कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। सामूहिक विवाह समारोह में पंडितों ने एक साथ माइक से विधिवत मंत्रोच्चारण, पूजन, सिंदूरदान, जयमाल, हवन के बाद विवाह के सातो वचनों से वर वधुओं को अवगत कराकर मांगलिक विवाह की रस्म सम्पन्न कराया। जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग के सौजन्य से आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में सभी नव दाम्पत्य जोड़ो का पारंपरिक विधि विधान से उत्साह पूर्ण वातावरण में विवाह और निकाह संपन्न हुआ। राज्यमंत्री, जिलाधिकारी और भाजपा जिलाध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों एवं अन्य उपस्थित अतिथियों के द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर वधुओं को विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने परिणय सूत्र में बंधने वाले सभी नव दाम्पत्य वर वधू को हार्दिक बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा आगामी जीवन में आपको ढेर सारी खुशियां मिले,आपका जीवन बेहतर हो। कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से निःशुल्क बेटियों की शादी की व्यवस्था की गई है, जिसे जिला प्रशासन के द्वारा पूरी तन्मयता से क्रियान्वित किया जा रहा है।

**प्रदेश की बेटियों व नारी शक्ति को बल मिला है**

सामूहिक विवाह समारोह के अवसर पर राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने उपस्थित लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से प्रदेश की बेटियों व नारी शक्ति को बल मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास नारे के उद्देश्य के अनुरूप सभी को अपने परिवार का हिस्सा माना है। कहा कि मोदी और योगी सरकार पूरी ईमानदारी से देश के पिछड़े, अल्पसंख्यक, वंचित, गरीब असहाय व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा से जोड़ते हुए उनके उत्थान के लिए दृढ़संकल्पित है। कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार आपके लिए लोक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, आप लोगों के सपनों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने अपना समझा है एवं पूरी तत्परता के साथ आप लोगों के जीवन को समृद्ध बनाने के लिए 24 घंटे प्रयासरत हैं। महिला सशक्तिकरण, नारी वंदन, मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओ को सशक्तिकरण और स्वयं सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाकर नारी शक्ति को मजबूती व बल प्रदान करने के साथ साथ आर्थिक रूप से स्वतंत्र बना रही है। उन्होंने समस्त नव विवाहित जोड़ों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बच्चों को कृमि से मुक्त करने के लिए दवा देना अतिआवश्यक




**केटी न्यूज/ मऊ**

जनपद में 01 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस अभियान में जिले के एक से 19 साल के 12.29 लाख बालक-बालिकाओं को कृमि से मुक्ति (पेट के कीड़े निकालने) के लिए एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। इसको लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नन्द कुमार ने बताया कि जनपद में 01 फरवरी को जनपद के समस्त सरकारी एवम गैर सरकारी स्कूल-कॉलेज, मदरसा और कुल 2585 आंगनबाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इसके बाद 05 फरवरी को मॉपअप राउंड आयोजित होगा। 12.29 लाख बालक-बालिकाओं को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे हरहाल में पूरा करना है।

## शैलेन्द्र अध्यक्ष, झन्मेजय महामंत्री निर्वाचित



**केटी न्यूज/ चंदौली**

डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन वार्षिक चुनाव बुधवार को सकुशल सम्पन्न हुआ। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से शैलेन्द्र कुमार सिंह को अध्यक्ष व झन्मेजय सिंह को महामंत्री चुना। इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों का कार्यकारिणी का गठन भी सर्वसम्मति के आधार पर किया गया। नए पदाधिकारियों की घोषणा के बाद बार सभागार में मौजूद अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार सिंह व महामंत्री झन्मेजय सिंह को फूल-मालाओं से लादकर उनका स्वागत व सम्मान किया। वहीं नए पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं के हित में कार्य करने के अपने संकल्पों को दोहराया। साथ ही भरोसा दिया कि चंदौली के किसी भी अधिवक्ता के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इसके पूर्व डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार सभागार में नामांकन की प्रक्रिया मद्देनजर भारी गहमागहमी रही। बार के निर्वाचन को लेकर चंदौली के अधिवक्ताओं में अबकी बार खासा उत्साह देखने को मिला। यही वजह रहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान बार सभागार खचाखच भरा दिया। इस दौरान अध्यक्ष पद पर शैलेंद्र कुमार सिंह, महामंत्री पद पर झन्मेजय सिंह के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर पंकज सिंह, उपाध्यक्ष पद पर रविशंकर लाल श्रीवास्तव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर योगेंद्र सिंह, संयुक्त सचिव पद राहुल सिंह, कोषाध्यक्ष पूरन यादव, पुस्तकालय मंत्री ममता आजाद ने एकल प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र भरा और सभी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकरी राजेंद्र प्रसाद पाठक ने निर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया।

## राम भक्ति में डूबे बंदी व जेलकर्मी, रोजाना तीन घंटे चल रहा हनुमान चालिसा का पाठ

# रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिला जेल के बंदियों में उत्साह

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

भगवान राम के बाल रूप रामलला का प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को अयोध्या में होना है। जिसके लिए पूरे प्रदेश में 14 जनवरी से विशेष कार्यक्रम होने शुरू हुए हैं। इसी कड़ी में गाजीपुर के जिला जेल में भी बंदी सुंदरकांड के पाठ के साथ ही साथ हनुमान चालीसा का पाठ करके पूरी तरह से राम भक्ति में डूबते नजर आ रहे हैं। यह कार्यक्रम 14 से 22 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर दो से सायं पांच बजे तक चल रहा है। बंदी एवं अधिकारी साथ में कर रहे हनुमान चालीसा का पाठ जिला जेल में मौजूदा वक्त में कुल 894 बंदी है। जिसमें से 595 विचाराधीन बंदी हैं। जबकि 254 बंदी सजायाफ्ता है। जेल में इन दिनों रामलला के बाल रूप के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी को लेकर सुंदरकांड के पाठ के साथ ही हनुमान चालीसा का कार्यक्रम चल रहा है। यह कार्यक्रम प्रतिदिन तीन घंटे तक चल रहा है। जिसमें बंदियों के साथ ही साथ जेल में कार्यरत जेल पुलिस और अधिकारी भी इस कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं।



रामलाल के जीवन पर आधारित होगा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें विजेता को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए सभी सुविधा प्रदान की जा रही है। जेल अधीक्षक सत्य प्रकाश ने बताया कि शासन से मिले निर्देश के क्रम में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक जेल में अलग-अलग दिन अलग-अलग तरह के कार्यक्रम किए जाने हैं। जिसके क्रम में सफाई अभियान कार्यक्रम के साथ ही जेल परिसर में स्थित हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ के समापन के पश्चात हनुमान चालीसा के पाठ का कार्यक्रम किया गया। जेल के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर दो बजते ही सभी कैदी पूजा स्थल पर पहुंच जाते है। इसके बाद भजन किर्तन में जुट जाते है। जो जिस वाद्ययंत्र में निपूर्ण है वह उसे बजाता है। कई कैदी तो वाद्ययंत्र में इतने निपूर्ण है कि उनकी कला देखने में बनती है। सभी इस बात से उत्साहित है कि रामलाला का प्राण प्रतिष्ठा हो रहा है। कई इस बात से अफसोस में है कि वह जेल के अंदर है यदि बाहर रहते तो जरूर अयोध्या जाते। इस दिव्य दर्शन से वह विरक्त हो गये।

अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जेल के अंदर कैदियों को हर प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जा रही है। टीवी से लेकर हर प्रकार के समाचार पत्र उपलब्ध कराये जा रहे है। ताकि कैदियों को रामलाला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा से संबंधित जानकारी प्राप्त होते रहे। साथ ही उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम आगे भी चलता रहेगा। साथ ही बंदियों के मध्य एक रामलला के जीवन पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें विजयी प्रतियोगियों को 26 जनवरी के कार्यक्रम पर पुरस्कृत भी किया जाएगा।

दाँत का अस्पताल
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक
AN ISO certified Clinic 9001 : 2015
पता - पाल कॉम्पलेक्स महराजा पेट्रोल पंप के बगल में स्टेशन रोड़, डुमरांव
मोबाईल नम्बर 7992243949, 9570259286
E mail id - kundan95702@gmail.com
दंत-रोपण एवं टूटे हुए जबड़े की सफल सर्जरी
डा. हिमांशु पाण्डेय
सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक



गीता मोबाईल सेन्टर
एवं गीता इलेक्ट्रॉनिक
स्टेशन रोड, डुमराँव (बक्सर) 802119
Mob.-8294794444, 9334740080, 9709360674
ब्याज पर उपलब्ध 0%
फ्रीज, ए0 सी0, कुलर, वाशिंग मशीन, LED TV, लैपटप, प्रिंटर, मोबाईल बैट्री, इन्भटर, डिफ्रिजर पंखा, आयरन, मिक्सर etc. उपलब्ध है।
BAJAJ FINSERV HDFC FINANCE HOME CREDIT

